## महत्वपूर्ण एवं खास

### पैथोलॉजी/लैब में लगे आग पर तुरंत पाया गया काबू

**घटना से नहीं हुई किसी प्रकार की जनहानि**

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शास. जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में आज लगभग प्रात: 9:45 बजे लैब/पैथोलॉजी विभाग के बैटरी स्टोर में यूपीएस इन्वर्टर के बैटरी में ब्लास्ट हो गया, जिसे काबू पाने के लिये त्वरित कार्यवाही करते हुए अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया एवं अग्निशामक वाहन द्वारा पैथोलॉजी/लैब में लगे आग को तत्काल कंट्रोल कर लिया गया है। इस दुर्घटना में जिला चिकित्सालय में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

### भारतीय सेना में भर्ती के पंजीकरण की तिथि में बढ़ोत्तरी

**25 अप्रैल तक कर सकेंगे अब आवेदन**

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन (8 वीं एवं 10 वीं), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया में वृद्धि करते हुए 25 अप्रैल 2025 किया गया है। पूर्व में आवेदन की तिथि 10 अप्रैल तक निर्धारित थी। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क करें। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर की जाती है। इसलिए किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के झांसों में न आए।

### फेल हुए जमा बिल को 10 अप्रैल तक सुधारकर फिर से जमा करना होगा

**अवकाश में भी खुली रहेगी कोषालय की वेबसाइट**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के बिल भुगतान का अंतिम अवसर**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य सरकार द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीडीओ के फेल हुए बिल को सुधारकर जमा करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2025 है, संबंधित डीडीओ के लिए कोषालय की वेबसाइट खुली रहेगी, जिसमें बिल जमा करना होगा। बिल भुगतान का यह अंतिम अवसर है। 10 अप्रैल के बाद इन देयकों का भुगतान नहीं हो पाएगा। अधिक जानकारी के लिए अपने कोषालय अधिकारी एवं कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कानून अनुसार कई हितग्राहियों और कार्यालयों के बैंक खाता में लेनदेन, बैंक खाता बंद होने जैसे कारणों से डीडीओ के द्वारा प्रस्तुत बिल का भुगतान नहीं हो पाया है।

### आईईडी की चपेट में आकर घायल हुए जवान को रायपुर लाया गया

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में नक्सलियों द्वारा बिछाये गये आईइडी के चपेट में आने से एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल जवान को जिला अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद उसे एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ 196वीं बटालियन की टीम मंगलवार को एरिया डोमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। जवानों की टीम कोड़ेपाल नाला के पास पहुंची थी उसी दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईइडी में जोरदार विस्फ ोट हो गया और इसकी चपेट में आकर बम डिस्पोजल स्क्वॉड के एक जवान घायल हो गया। जवान के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है। घायल जवान को तत्काल जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

---

**साइबर सेल और थाना पूंजीपथरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक और संगठित बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़**

# आरोपियों ने चोरी 10 बाइक, 2 रेंजर साइकिल और 3 मोबाइल सहित करीब 3.33 लाख रुपए की संपत्ति बरामद

- पांच आरोपियों की गिरफ्तारी, जिनमें एक विधि के संघर्षरत बालक शामिल
- चोरी की वारदातें रायगढ़, छाल, पूंजीपथरा और ओडिशा तक होने का खुलासा
- चोरी की संपत्ति खरीद-बिक्री में शामिल सभी आरोपियों के पास से चोरी का माल जब्त
- गिरोह द्वारा चोरी की गई संपत्ति में डेस्टिनी स्कूटी, डिस्कवर, स्प्लेंडर, एचएफ डीलक्स और लिवो बाइक शामिल

**रायगढ़**




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देश पर जिले में संपत्ति संबंधी और संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत साइबर सेल और थाना पूंजीपथरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक और शातिर बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। बीते शुक्रवार को भी एक अंतर जिला गिरोह का खुलासा करने के बाद अब एक किशोर सहित पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जो रायगढ़, छाल, पूंजीपथरा और ओडिशा क्षेत्र से दोपहिया वाहन, साइकिल और मोबाइल की चोरी कर उन्हें खपाने में लगे थे। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का विस्तृत खुलासा किया गया।

पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा साइबर सेल के मार्गदर्शन पर पुलिस टीम लगातार संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। इसी बीच सूचना मिली कि एक किशोर बालक पूंजीपथरा क्षेत्र से चोरी की बाइक रूड़केला-लैलूंगा में खपाने की जानकारी मिली। टीआई राकेश मिश्रा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और थाना पूंजीपथरा पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो उसने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए अब तक 10 बाइक, 2 रेंजर साइकिल और 3 मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। उसने बताया कि यह सभी संपत्ति उसने अपने सहयोगी सोनू चौहान के साथ मिलकर जेसीयल भगत, सुधीर मालाकार और विकास जायसवाल को बेची है।

पूछताछ के बाद पुलिस ने विधि के संघर्षरत बालक के मेमोरेंडम के आधार पर बोईरदादर, लाखा प्लांट, राबो डेम, सरायपाली, सालासर चौक, गेरवानी और उड़ीसा के बरगढ़ सहित विभिन्न इलाकों से चोरी की घटनाओं की पुष्टि की। वहीं, पूंजीपथरा थाने में चार अलग-अलग अपराध क्रमांक (अप.क्र. 80/2025, 81/2025, 82/2025, 84/2025 धारा 303-2 BNS) एवं थाना छाल का (अप. क्र. 84/2024 धारा 379 IPC) के तहत दर्ज मामलों में इन घटनाओं को जोड़ा गया है। पुलिस ने इन अपराधों में संपत्ति की खरीद-बिक्री से जुड़ी भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) और संगठित अपराध की धारा 112(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पूछताछ और तफ्तीश के बाद पुलिस ने विधि के संघर्षरत बालक के पास से एक डिस्कवर बाइक, दो हीरो स्प्लेंडर, एक स्कूटी डेस्टिनी और दो मोबाइल बरामद किए। वहीं जेसीयल भगत से दो एचएफ डीलक्स बाइक, सुधीर मालाकार से दो एचएफ डीलक्स बाइक, दो रेंजर साइकिल और एक मोबाइल, विकास जायसवाल से एक एचएफ डीलक्स बाइक तथा सोनू चौहान से एक लिवो बाइक बरामद की गई है। कुल मिलाकर 10 दुपहिया वाहन, 2 साइकिल और 3 मोबाइल जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 3 लाख 33 हजार रुपये है।

इस गिरोह को पकड़ने में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, उप निरीक्षक विजय एक्का, एएसआई जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, सतीश सिंह, नंद साय कंवर तथा साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, प्रशांत पंडा, महेश पंडा, विकास प्रधान, विक्रम सिंह, सुरेश सिदार प्रताप बेहरा, थाना पूंजीपथरा के अभिषेक द्विवेदी, सुरेंद्र यादव, फिलमोन लकड़ा और विक्रम कुजुर की विशेष भूमिका रही।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम–**

(1) विधि के संघर्षरत बालक (2) जेसीयल भगत पिता रूप से भगत उम्र 38 वर्ष निवासी रूडुकेला थाना लैलूंगा (3) सुधीर मालाकार पिता कार्तिक मालाकार उम्र 19 साल निवासी जामडबरी थाना पूंजीपथरा (4) विकास जायसवाल पिता श्याम जायसवाल उम्र 35 साल निवासी ऐडुकला थाना छाल (5) सोनू चौहान पिता संत राम चौहान उम्र 28 साल निवासी जामडबरी थाना पूंजीपथरा

---

## कलेक्टर गोयल ने कोषालय का किया औचक निरीक्षण

- मुद्रांकों, टिकटों एवं बहुमूल्य संपत्तियों का किया भौतिक सत्यापन

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज जिला कोषालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कोषालय के स्ट्रांग रूम के डबल लॉक में रखें मुद्रांकों, टिकटों एवं बहुमूल्य संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर उन्होंने वर्तमान में चलन से बाहर हो चुके पुरानी हुंडियों एवं मनोरंजन कर के अपलेखन के संबंध में कार्यवाही करने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने खजाना शाखा के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा अनुपयोगी मुद्रांको के अपलेखन के संबंध में जिला पंजीयक से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कोषालय संहिता अनुसार वर्ष में दो बार कलेक्टर द्वारा कोषालय का निरीक्षण एवं बहुमूल्य वस्तुओं, स्टाम्प आदि का सत्यापन का प्रावधान है, जिसके तहत आज कलेक्टर से कार्तिकेया गोयल ने जिला कोषालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह मौर्य, जिला पंजीयक दीपक कुमार मंडावी, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा, खजांची कमलेश डनसेना, लिपिक बसंत यादव व सुरेंद्र देवांगन उपस्थित रहे।

---

## चार किलो गांजा के साथ गिरफ्तार हुए साधु वेशधारी दो तस्कर, पुसौर पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाई

**रायगढ़**



पुसौर पुलिस ने कल 8 अप्रैल की दोपहर मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांजा बेचने ग्राहक की तलाश में घूम रहे दो तस्करों को रंगेहाथ धर दबोचा। साधु वेशधारी इन दोनों आरोपियों से करीब चार किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत अपराध दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना ग्राम पुसौर के तीन तराई तालाब के पास की है, जहां मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 85 बीडब्ल्यू 6661 खड़ी कर दो व्यक्ति साधु का भेष धर गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर को मुखबीर से सूचना मिली जिन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुसौर पुलिस की एक टीम सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी में दोनों के पास से थैले में भरा हुआ कुल चार किलो गांजा मिला, जिसे लेकर वे कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाए।

गिरफ्तार आरोपियों में पहला — बालाजी थनापति, पिता शंकर थनापति, उम्र 32 वर्ष, निवासी सोनारीबेनी थाना सुबलिया, जिला सोनपुर (ओडिशा) और दूसरा — सुदर्शन दास, पिता भगवान दास, उम्र 32 वर्ष, निवासी बशीवट थाना वृंदावन, जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। दोनों तस्करों के खिलाफ थाना पुसौर में अपराध क्रमांक 86/2025 दर्ज करते हुए हमसे 4 किलो अवैध गांजा रु.40,000 और अपराध में प्रयुक्त यामाहा मोटरसाइकिल (कीमत रु.1,50,000) कुल संपत्ति रु.1,90,000 की जप्त कर अपराध में गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल, उमाशंकर नायक, प्रधान आरक्षक कल्याण कंवर, आरक्षक तारिक अनवर और महेश चौहान की विशेष भूमिका रही। नशे के खिलाफ लगातार सक्रिय पुसौर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में एक बार फिर नशे के सौदागरों पर कड़ा संदेश गया है।

---

## पोषण पखवाड़ा में सभी विभाग अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित- कलेक्टर गोयल

- पोषण पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पोषण अभियान अंतर्गत 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा 2025 के आयोजन के संबंध में अंतर्विभागीय अधिकारियों की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक ली। बैठक में एडीएम संतन देवी जांगड़े, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों के मोटापे की समस्या को रोकने हेतु खानपान एवं व्यवहार में परिवर्तन लाने जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। उन्होंने आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत दैनिक गतिविधियों के कैलेण्डर के संबंध में बताया कि गतिविधियों के आयोजन में विभिन्न विभागों का सहयोग की आवश्यकता होगी। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों हेतु राज्य स्तर पर वेबीनार के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र में विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन कर गोद भराई एवं अन्नप्रासन्न गतिविधियां, 6 माह के बच्चे हेतु सुरक्षित, पर्याप्त एवं उचित ऊपरी आहार के संबंध में जानकारी प्रदान करना, स्थानीय खाद्य सामग्री/मिलेट का उपयोग करते हुए अनुपूरक आहार बनाने की विधि का प्रदर्शन, सुपोषण चौपाल के दौरान पोषण ट्रेकर एक्ट के संबंध में जानकारी प्रदान करना, गर्भवती माता के स्वास्थ्य जांच, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शालाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता पर जानकारी एवं प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं कालेज के गृह विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ, आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का वृद्धि मापन, मैम बच्चों का चिन्हांकन, गर्भवती माता, शिशुवती माता एवं देखभाल कर्ताओं को पोषण के महत्व की जानकारी देने हेतु समुदाय के साथ बैठक आयोजन, गर्भवती व शिशुवती माताओं को पोषण विविधता, विशुद्ध स्तनपान एवं पूरक आहार के संबंध में व्यक्ति काउंसलिंग हेतु स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, जिला एवं परियोजना स्तर पर पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन एवं शिविरों में बेनिफिशरी मॉडयूल की जानकारी जनसमुदाय को देने हेतु यूनिसेफ जैसे संस्था एवं विभागों की पोषण पखवाड़ा में सहयोग की आवश्यकता होगी। साथ ही इन गतिविधियों के मॉनिटरिंग के लिए उन्होंने विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने हेतु आग्रह किया।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि पोषण पखवाड़ा में संलग्न सभी विभाग निर्धारित कार्ययोजना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तर पर पोषण संबंधी कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा में महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य जांच, कुपोषण एनीमिया चिन्हांकन करते हुए उसके बचाव के संबंध में जागरूकता लाया जाए, ताकि पोषण के प्रति लोग सजग हो सके।

---

## पटवारी के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज से बैंक से लिया 20 लाख रूपए का लोन

- धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर । आरएनएस**




बिलासपुर में पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन के फ र्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से 20 लाख रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। मामले में पटवारी की शिकायत के बाद सिरगिट्टी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ नामजद एफ आईआर दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में तैनात पटवारी राजेश पाण्डेय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ दिन पहले बजरंग कोरी और गणेश कोरी नामक व्यक्ति उसके कार्यालय पहुंचे थे। दोनों को सरकारी जमीन का आबादी पट्टा आवंटित किया गया था और वे कब्जा प्रमाण पत्र बनवाना चाह रहे थे किंतु लेकिन पटवारी ने नियमों के तहत ऐसा प्रमाण-पत्र बनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर कर नकली कब्जा प्रमाण पत्र तैयार किया और उसी के आधार पर बैंक से 20 लाख रुपये का लोन ले लिया। जब पटवारी को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी और सिरगिट्टी थाना में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत पर पुलिस ने बजरंग कोरी और गणेश कोरी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## राज्यपाल रमेन डेका ने दिव्यांग राधेश्याम को वितरित किए बीस हजार का चेक

- सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना से दिव्यांग को मिला अनुदान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



राज्यपाल रमेन डेका ने सारंगढ़ प्रवास के दौरान दिव्यांग राधेश्याम को प्रोत्साहन अनुदान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत बर्मन, उप संचालक समाज कल्याण व पंचायत विनय तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य सरकार द्वारा सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान किए गए 20 हजार रुपए की राशि को दिव्यांग राधेश्याम, अपनी आगे की पढ़ाई के लिए होने वाले खर्च के लिए उपयोग कर सकेगा। समाज कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षा की प्रारंभिक, मुख्य या साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की हो, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप एकमुश्त अनुदान राशि प्रदाय की जाकर लाभान्वित किया जाता है।

सारंगढ़ के ग्राम खैराबड़े निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग राधेश्याम यादव द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विभाग में आवेदन किया था, जिस पर विभाग द्वारा बीस हजार रुपए का अनुदान स्वीकृति करते हुए प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में अंतरित कर लाभान्वित किया गया।

---

## रायगढ़ में पीडब्ल्यूडी के सड़कों के प्रोजेक्ट्स और अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे प्रमुख अभियंता विजय कुमार भतपहरी

- फोरलेन सड़कों के निर्माण के लिए जल्द डीपीआर तैयार करने के लिए कहा
- समीक्षा बैठक में ठेकदारों से कहा काम जल्द और गुणवत्ता के साथ चाहिए
- अधिकारियों को फील्ड पर लगातार क्वालिटी मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**रायगढ़**

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विजय कुमार भतपहरी रायगढ़ में चल रहे विभागीय प्रोजेक्ट्स के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने रायगढ़ शहर के आउटर में बनने जा रहे फोर लेन सड़कों के निर्माण के लिए ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप को जल्द डीपीआर तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

प्रमुख अभियंता भतपहरी ने खरसिया-छाल-पत्थलगांव सड़क निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि इस सड़क का निर्माण जल्द पूरा करें, इसमें बिल्कुल भी लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पूंजीपथरा-तमनार और रायगढ़-घरघोड़ा सड़कों की पूर्णता के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप ने बताया कि दोनों सड़कों में थोड़ा काम बाकी है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रमुख अभियंता भतपहरी ने इन सड़कों को बना रहे ठेकेदारों से कहा कि जल्द यह काम पूरा कर लें। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूरी तेजी से किया जाए। बारिश के पहले जितना अधिक काम खींचा जा सकता इसे पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को लगातार फील्ड निरीक्षण और क्वालिटी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जहां लापरवाही नजर आती वहां नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा।

बैठक में ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप सहित लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, सब इंजीनियर्स और ठेकेदार मौजूद रहे।

**फोर लेन सड़कों के निर्माण के लिए जल्द डीपीआर तैयार कर भेजें-** प्रमुख अभियंता भतपहरी ने रायगढ़ शहर के आउटर में स्वीकृत फोर लेन सड़कों के निर्माण के लिए भी मौका मुआयना किया। उन्होंने कोतरा रोड नंदेली मार्ग का जायजा लिया। भतपहरी ने ईई पीडब्ल्यूडी से कहा कि इन सड़कों के निर्माण के लिए यूटिलिटी और पोल शिफ्टिंग के साथ भू-अर्जन से जुड़ी जानकारियों के साथ जल्द डीपीआर तैयार करें। जिससे सड़कों के निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जा सके। गौरतलब है कि बीते दिनों वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने निरीक्षण कर फोर लेन सड़कों का निर्माण शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने इन सड़कों के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही सर्वे का काम शुरू होगा। जिसके आधार पर डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन को भेजी जाएगी। इसकी अनुमति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप ने बताया कि बारिश के पहले जितना अधिक काम पूरा किया जा सके इसे लेकर विशेष रूप से प्रयास किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480